भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2381
दिनांक 11 मार्च, 2016 को उत्तर के लिए

ईसीसीई

2381. श्री पशुपति नाथ सिंहः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना के अंतर्गत बाल्यवस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) योजना धीरे-धीरे निष्प्रभावी हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का इस संबंध में कोई सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव है/सर्वेक्षण किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी झारखंड सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार निष्कर्ष/परिणाम क्या हैं?

उत्तर

श्रीमती मेनका संजय गांधी   महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) और (ख) : समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) स्कीम भारत सरकार की एक केंद्रीय प्रायोजित स्कीम है जो राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है। यह स्कीम सर्वसुलभ और स्व-चयनित है। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा (ईसीसीई) आईसीडीएस के अंतर्गत छः सेवाओं में से एक सेवा है। पुनर्गठित आईसीडीएस स्कीम के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा सत्रों के समर्पित चार घण्टों के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों की एक मूल सेवा के रूप में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। लाभार्थियों की संख्या वर्ष 2012-13 में 353.29 लाख से थोड़ी बढ़कर वर्ष 2015-16 में (31.12.2015 तक) 354.05 लाख हो गई है।

(ग) और (घ) : वर्ष 2013-14 के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 29 राज्यों में यूनिसेफ भारत की तकनीकी सहायता से बाल त्वरित सर्वेक्षण (आरएसओसी) कराया गया था। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य आईसीडीएस स्कीम के अंतर्गत सेवाओं तक पहुंच एवं उपयोग और पुनर्गठित आईसीडीएस के लिए बुनियादी आंकड़े प्रदान करने पर विशेष बल के साथ बच्चों एवं महिलाओं की स्थिति का मूल्यांकन करना था। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और स्कूल पूर्व शिक्षा सर्वेक्षण के अंतर्गत शामिल किए गए पहलुओं में से एक पहलू था। आरएसओसी (2013-14), के अनुसार आईसीडीएस के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में 3-5 वर्ष के 37.9% बच्चों ने स्कूल पूर्व शिक्षा में भाग लिया (ग्रामीण क्षेत्रों में 45.1% और शहरी क्षेत्रों में 21.6%)। झारखण्ड सहित राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया जा रहा है।

******

अनुलग्नक

दिनांक 11.03.2016 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2381

आईसीडीएस के अंतर्गत संचालित स्कूल पूर्व शिक्षा में भाग ले रहे 3-5 वर्ष के बच्चों का राज्य-वार प्रतिशत (आरएसओसी 2013-14)

राज्य	शहरी	ग्रामीण	कुल
भारत	**21.6**	**45.1**	**37.9**
उत्तर			
दिल्ली	8.9	10.3	8.9
हरियाणा	11.3	22.0	18.4
हिमाचल प्रदेश	12.2	33.9	31.7
जम्मू व कश्मीर	12.7	21.2	18.9
पंजाब	11.8	23.8	19.2
उत्तर प्रदेश	5.7	19.5	16.6
उत्तराखण्ड	10.0	33.4	26.8
मध्य			
छत्तीसगढ	18.8	63.9	54.4
मध्य प्रदेश	20.0	41.8	35.9
पूर्व			
बिहार	31.3	51.1	48.8
झारखण्ड	23.0	47.6	42.0
ओडिशा	36.8	69.5	64.1
पश्चिम बंगाल	26.4	61.9	51.1
पूर्वोत्तर			
अरूणाचल प्रदेश	19.3	42.9	38.0
असम	16.4	56.7	51.5
मणिपुर	25.0	35.8	33.0
मेघालय	4.4	19.7	16.9
मिजोरम	44.4	67.7	56.5
नागालैण्ड	0.2	1.6	1.2
सिक्किम	22.1	44.9	38.6
त्रिपुरा	48.0	76.2	70.2
पश्चिम			
राजस्थान	11.4	17.0	15.6
गोवा	28.8	48.7	36.4
गुजरात	31.8	66.3	52.1
महाराष्ट्र	23.1	73.4	51.0
दक्षिण			
आन्ध्र प्रदेश	25.2	52.8	43.3
कर्नाटक	33.9	65.1	54.1
केरल	28.4	22.8	25.5
तमिलनाडु	23.0	37.9	30.8

*****